# प्रादेशिक समाचार

- भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक जयपुर में आयोजित –केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा विचार भाजपा की आत्मा और कार्यकर्ता इसके प्राण।
- प्रदेश में आज लगायी गई राष्ट्रीय लोक अदालत–आपसी राजीनामे के तहत प्रकरणों का निस्तारण।
- राज्य में मानसून सक्रिय– आगामी तीन दिनों में सात संभागों में मध्यम से तेज बारिश होने के आसार।
- भारत और ज़िम्बाब्वे के बीच चौथे टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच में भारत को मिला 153 रनों का लक्ष्य ।

000

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, राज्य सरकार में मंत्री, पार्टी पदाधिकारियों के साथ करीब आठ हजार भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विचार ही भाजपा की आत्मा है जबकि कार्यकर्ता इसका प्राण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राजनीति प्रोफेशन नही बल्कि मिशन है।

---------------------

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता केंद्र के कैमरे की नज़र में है. उन्होंने कहा कि वे भी एक छोटे कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ताओं के बीच से निकलकर मुख्यमंत्री बने हैं। श्री शर्मा ने कहा कि जब मुख्यमंत्री पद के लिए उनका नाम पुकारा गया तो पहले उन्हें भी कुछ समझ में नहीं आया था। लेकिन ये भाजपा में ही संभव है जो कार्यकर्ताओं को बड़े पदों के लिए मौक़ा देती है।

--------------------

भाजपा कार्यसमिति की बैठक में महासचिव दुष्यंत गौतम, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, भागीरथ चौधरी का प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश इकाई के अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। राज्य सरकार के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम माथुर और राजेंद्र राठौड़ समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

000

सात राज्यों के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बुधवार को हुए उप चुनाव में पहले 11 के परिणाम घोषित कर दिए गए है। कांग्रेस ने चार सीटे जीती जबकि तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने तीन सीटे जीती और एक पर आगे चल रही है। शेष दो विधानसभा क्षेत्रों की सीटों की गिनती जारी है। पंजाब में सत्तारूढ आम आदमी पार्टी ने जालंधर पश्चिम आरक्षित विधानसभा सीट जीत ली है। हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ कांग्रेस ने दो सीटे जीती, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने एक सीट पर कब्जा जमाया। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस ने रायगंज, राणाघाट दक्षिण और बागदा सीटें जीती हैं। उत्तराखंड के बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार लखपत सिंह बुटोला ने जीत दर्ज की है। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कमलेश प्रताप शाह ने अमरवाडा सीट पर जीत दर्ज की है। बिहार की रूपौली विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार कलाधर प्रसाद मंडल को आठ हजार दो सौ 11 मतों से पराजित कर दिया है।

000

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजनाएं अपने इच्छित उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर रही हैं। नई दिल्ली में कल राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री नड्डा ने इन योजनाओं की समीक्षा की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं और इनसे लगभग 7 करोड़ से अधिक अस्पताल में प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई है।

000

प्रदेश में आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। राज्यभर में लोक अदालतों के लिए अधिनस्थ न्यायालयों में 512 बैंचों का गठन किया गया था। वहीं उच्च न्यायालय की जोधपुर स्थित मुख्य पीठ में पांच बैंच तथा जयपुर पीठ में 4 बैंच बनाई गई थी। प्रदेश के उच्च न्यायालय सहित अधीनस्थ न्यायालयों में राजीनामा योग्य सिविल, आपराधिक, सेवा, श्रम, मोटर दुर्घटना एवं पारिवारिक न्यायालय सहित 10 लाख प्रकरण सूचीबद्ध किये गये थे। दौसा जिले में कुल 14 लोक अदालतों के समक्ष 16 हजार से अधिक मामले चिन्हित किये गये। बूंदी में भी राजीनामा योग्य प्रकरणों के निस्तारण के लिए 13 बैंचों का गठन किया गया था। कोटपूतली–बहरोड जिले के कोटपूतली में आज लोक अदालत के तहत 1 हजार 138 मामलों का निस्तारण किया गया।

000

उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान सहित अन्य राज्यों में अधिक ग्राम न्यायालय खोलने के लिए कहा है। न्यायालय ने राज्यों के मुख्य सचिवों को कहा है कि वे अपने संबंधित क्षेत्रों में उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के साथ अतिरिक्त ग्राम न्यायालय खोलने पर चर्चा करें। सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों में बुनियादी ढांचा विकसित करने, लम्बित मामलों को कम करने, पक्षकारों को जल्द न्याय दिलाने और आमजन को सस्ता तथा सुलभ न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिये।

000

---------------

प्रदेश के ज्यादातर भागों में मानसून के सक्रिय होने से आज भी कई जिलों में हल्की से मध्यम और कहीं—कहीं तेज वर्षा हुई है। आज जयपुर, टोंक, झालावाड़ ओर धौलपुर में कुछ स्थानों पर हवाओं के साथ तेज बारिश हुई। वहीं अजमेर, भीलवाड़ा, सीकर, नागौर, अलवर, भरतपुर, बूंदी, सवाईमाधोपुर, चुरू, बारां, कोटा समेत कुछ अन्य जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने के समाचार हैं। भरतपुर में आज दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ बरसात का दौर शुरू हुआ जो करीब डेढ घंटे तक रूक—रूक कर चला। इन जिलों में रात को भी बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं। टोंक जिले के देवली उपखण्ड में कल देर रात आई बारिश से कई गांवों के रास्ते अवरूद्ध हो गये हैं। जिले के सेदियावास स्थित सरकारी स्कूल का भवन जलमग्न हो गया है। बूंदी जिले के प्रसिद्ध बरधा बांध में पानी की आवक जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बांध का जल स्तर बढ़कर साढे 18 फीट हो गया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम ने बताया कि अगले तीन दिन जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभागों में मानसून के सक्रिय रहने की संभावना है।

--------------------------------

000

बाड़मेर में एक सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही 10वीं और 12वीं की स्टेट ओपन परीक्षा के दौरान डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देते हुए 17 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वहीं तीन नाबालिगों को निरुद्ध किया है। जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि दसवीं हिंदी की परीक्षा में 19 डमी अभ्यर्थी और 12वीं जीव विज्ञान की परीक्षा में एक डमी अभ्यर्थी को पकड़ा गया है।

परीक्षा केंद्र अधीक्षक जबर सिंह को संदेह होने पर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

000

भारत और ज़िम्बाब्वे के बीच चौथा टी—ट्वेंटी क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जा रहा है। जिम्बाब्वे ने भारत को जीत के लिए 153 रनों का लक्ष्य दिया है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। भारत की ओर से खलील अहमद ने 2, तुषार देशपाण्डे, वाशिंगटन सुन्दर, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे ने एक—एक विकेट लिये। जिम्बाब्वे की की ओर से कप्तान सिकन्दर रजा ने सर्वाधिक 46 रन बनाये। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत दो—एक से आगे है। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच कल हरारे में ही खेला जाएगा।

000

डूंगरपुर में विद्यार्थियों का नामांकन बढाने और बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए विद्यार्थियो ने जागरूकता रैली निकाली। डूंगरपुर के मेताली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया गया। रैली के बाद विद्यालय में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले अध्यापकों का विद्यार्थियो और ग्रामीणों ने सम्मान किया।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पहली बार भारत में निजी स्काइडाइविंग सुविधा शुरू होना महत्वपूर्ण है। दुनिया के लिए आज का दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि विश्व स्काईडाइविंग दिवस आज से शुरू हो रहा है। श्री शेखावत ने वर्ल्ड स्काईडाइविंग डे पर हरियाणा के नारनौल में स्काईडाइविंग विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत का पर्यटन मंत्री होने के नाते, यह मेरी जिम्मेदारी है कि हर किसी के लिए सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और अधिक से अधिक लोग सुरक्षा मानकों के साथ इसका रोमांच उठा सकें। केन्द्रीय मंत्री ने स्वयं टैन्डम स्काईडाइविंग भी की। उन्होंने स्काईडाइव का अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह बेहद रोमांचक अनुभव रहा।

000

सेना की दक्षिणी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने 10 से 12 जुलाई तक कोणार्क कोर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कोर की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों तथा सैनिकों के साथ बातचीत की। सेना कमांडर को विभिन्न परिचालन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। जनरल ऑफिसर को परिचालन और प्रशासनिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए किए गए उपायों के बारे में बताया गया। जनरल ऑफिसर ने उभरती चुनौतियों का सामना करने और संघर्षों की गतिशील प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखने के साथ कोर को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए सभी की सराहना की।

000

श्रीगंगानगर जिले में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से आज साइकिल रैली निकाली गई। जिला कलेक्टर लोकबंधू ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पुलिस अधीक्षक गौरव यादव सहित पुलिस के आला अधिकारियों के साथ 400 युवाओं ने भाग लिया। यात्रा का मुख्य आकर्षण 11 से लेकर 80 साल के सीनियर सिटीजन की भागीदारी रही।

000

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार अलका अरोड़ा ने टोंक के अविका नगर स्थित केन्द्रीय भेड़ और ऊन अनुसंधान संस्थान में पाले जा रहे उन्नत नस्ल के भेड़–बकरी और खरगोश का उल्लेख किया। संस्थान के निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने श्रीमती अरोड़ा को संस्थान का भ्रमण कराकर विभिन्न पशुओं के सेक्टर्स, ऊन प्लांट और पशुओं की विभिन्न नस्लों के बारे में जानकारी दी।

000